पीपुल्स समाचार इंदौर, रविवार 07 फरवरी 2016

5.75 करोड़ के प्रशासनिक भवन व होस्टल निर्माण की तैयारियां

आईटीआई के तहत चार नए डिप्लोमा कोर्स

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
news.indore@peoplessamachar.co.in

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के मास्टर प्लान के तहत अब 5.75 करोड़ के प्रशासनिक भवन के साथ ही होस्टल और आवास निर्माण की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यहां पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य व बच्चों के लिए आईटीआई में नए चार डिप्लोमा कोर्स भी शुरू होंगे।

पीआरटीएस के निदेशक आईजी वरुण कपूर ने बताया कि किला मैदान स्थित पुराने भवन को ध्वस्त कर प्रशासनिक भवन व अन्य निर्माण कार्य जल्दी ही शुरू किए जाएंगे। यहां 6 क्लास रूम होंगे। 50 बिस्तरों वाला होस्टल भी बनाया जा रहा है।

प्रोग्राम कल से शुरू होगा

पीआरटीएस में 8 फरवरी को सुबह 9.45 बजे प्रगति हॉल में नेशनल साइबर सिक्योरिटी प्रोग्राम का शुभारंभ पवन श्रीवास्तव आईजी, एसएएफ करेंगे। इसमें एसआई से लेकर एएसपी स्तर के 20 अधिकारी प्रशिक्षण लेंगे।